हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025

12 नांगल चौधरी तहसील कार्यालय को दूर किया शिफ्ट, बढ़ी परेशानी



12 बाल विवाह मुक्त भारत: 100 दिन चलेगा विशेष अभियान



**खबर संक्षेप**

### ओमप्रकाश चौटाला की पहली पुण्यतिथि 20 को

**नारनौल।** पूर्व मुख्यमंत्री स्व: चौधरी ओमप्रकाश चौटाला की पहली पुण्यतिथि 20 दिसंबर को मनाई जाएगी। जिसकी तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय आवश्यक बैठक 13 दिसंबर सुबह 11 बजे नई मंडी में लाला सतनारायण गुप्ता के कार्यालय में होगी। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान सुरेन्द्र कौशिक करेंगे।

### इंदिरा गांधी विवि की सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू

**नारनौल।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय की स्नातक प्रथम, तृतीय व पंचम सेमेस्टर तथा स्नातकोत्तर प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं प्रातः कालीन सत्र में सुचारू रूप से शुरू हो गई हैं। कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर नरेश यादव ने बताया कि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्वविद्यालय परीक्षाओं के लिए दो परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। दोनों परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, अनुशासन व परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। कक्ष निरीक्षकों की तैनाती, बैठने की सुव्यवस्थित व्यवस्था तथा प्रश्नपत्र वितरण की प्रक्रिया समय पर पूर्ण की गई।

### छात्राओं को दी कानूनी अधिकारों की जानकारी

**नारनौल।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में लीगल लिटरेसी कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को साइबर अपराध व कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष सत्र का आयोजन किया गया। विद्यालय के लीगल लिटरेसी प्रभारी हनुमान प्रसाद के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में इंस्पेक्टर मीनाक्षी शर्मा उपस्थित रही। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान दौर में बच्चियों को कमजोर नहीं, बल्कि निडर बनने की आवश्यकता है। इंस्पेक्टर मीनाक्षी ने छात्राओं को साइबर सुरक्षा व डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### स्वामी दयानंद के विचारों को बढ़ाने के लिए किया प्रेरित

**मंडी अटेली।** आर्य समाज अटेली का दो दिवसीय 22वां वार्षिक उत्सव सम्मेलन सम्पन्न हो गया। सर्वप्रथम सुबह हवन के साथ सम्मेलन का प्रारंभ हुआ। समारोह में भजनोपदेशक के माध्यम से स्वामी दयानन्द के विचारों व दर्शन को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। सम्मेलन में भाजपा के जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव विशेष रूप से पहुंचे। उत्सव में स्वामी दयानंद के विचारों को आगे बढ़ाने लिए एकमत हुए।

### केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह नारनौल में कल

**नारनौल।** आगामी 13 दिसंबर को नई अनाज मंडी परिसर में नवनियुक्त चेयरमैन व वाइस चेयरमैन का शपथ ग्रहण समारोह पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें क्षेत्र की जनता बढ़कर हिस्सा लेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए नवनियुक्त उप चेयरमैन सुरेश चंद चौधरी ने बताया कि समारोह में मुख्यातिथि केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह होंगे, जबकि प्रदेश कैबिनेट मंत्री आरती राव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### अवैध हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार

नारनौल। थाना निजामपुर पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए अवैध हथियार के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जिसकी पहचान आशीष निवासी इस्लामपुरा थाना निजामपुर के रूप में हुई है। जिससे पुलिस ने एक अवैध पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि थाना निजामपुर की पुलिस टीम गश्त के दौरान निजामपुर क्षेत्र में मौजूद थी।

# फर्जी बैंक कर्मी बना शातिर, बुजुर्ग से तीन लाख लेकर फरार

- घटना के बाद सीआईए व सिटी पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस भी हैरान...बिना बैंक कर्मचारियों के केबिन में कैसे बैठा शातिर
- सीसीटीवी फुटेज में सूटबुट पहन दिख रहा अच्छा पढ़ा लिखा करीब 50 साल से ऊपर उम्र का शातिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर के महेंद्रगढ़ रोड स्थित एसबीआई बैंक में वीरवार बुजुर्ग से तीन लाख की रकम एक शातिर बड़ी आसानी से लेकर चला गया। जब पीड़ित बुजुर्ग ने अपनी आपबीती बताई तो हैरान करने वाली बात सामने आई। बैंक के अंदर केबिन नंबर एक सीट जो लोन सीट है, उस पर एक करीब 50 साल का दिखने वाला अच्छा खासे सूटबुट पहने व्यक्ति बैठा था। इसी व्यक्ति ने बैंक कर्मी बन बुजुर्ग की पासबुक अपडेट करवाने और दरखास्त लिखने को कहा। बुजुर्ग सीट पर बैठे होने की वजह और बैंक कर्मी की तरह की सहायता करने का तरीका देख असल बैंक कर्मी समझ गया और उसके हाथों में तीन लाख थमा दिए। शातिर यह तीन लाख लेकर रफूचक्कर हो गया। अब जब मामला पुलिस तक पहुंचा और सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो पीड़ित के परिजन व पुलिस भी हैरानी थी कि शातिर फर्जी बैंक कर्मी बन असल बैंक कर्मचारियों के सामने ही बुजुर्ग ग्राहक से पैसा लेकर फरार हो गया।




नारनौल। कैमरेमें कैद शातिर, बैंक कर्मी के केबिन के पीछे खड़ा दिखाई दे रहा शातिर।

**'असल बैंक कर्मी' के सामने 'फर्जी बैंक कर्मी' बन कैबिन में बैठा रहा शातिर, इसी 'विश्वास' से बुजुर्ग ने दिए थे रुपये**

### यह है पूरा मामला

शहर में शुभम गार्डन के पास रहने वाले 85 वर्षीय एक्स सर्विसमैन रघुबीर सिंह ने महावीर पुलिस चौकी में शिकायत दी है। शिकायत में बताया है कि शहर के महेंद्रगढ़ रोड स्थित एसबीआई बैंक शाखा में उसका सेविंग खाता है। उसकी एक्ससर्विसमैन की पेंशन इसी बैंक के खाते में आती है। पीड़ित बुजुर्ग ने बताया है कि पौते की शादी है, उसमें पैसों की जरूरत थी। इसी लिए वीरवार को वह बैंक में तीन लाख रुपये निकलवाने के लिए आया था। यह राशि निकलवा ली। इसके बाद बैंक पासबुक को अपडेट करने के लिए मशीन के पास गया। मशीन में पासबुक अपडेट नहीं हुई । उसी वक्त बैंक की नंबर एक सीट (लोन सीट) पर बैठे हुए एक व्यक्ति ने बुलाया और कहा वह उसकी पासबुक अपडेट कर देगा। पासबुक लेकर वह व्यक्ति मशीन के पास गया। मशीन में पासबुक को अपडेट करने के बाद वह व्यक्ति उसे अपनी सीट जहां पर वह बैठा था, वहां पर लेकर गया और कहा कि आपकी पासबुक से पैसे निकलवाने बारे एक दरखास्त लिखो। फिर उसने कागज व पेन दिया और कहा कि आप लिखकर दे दो। पीड़ित ने शिकायत में बताया है कि मैं निकलने लगा तो उसने कहा कि आप ने अपने पैसे खुद गिने है या नहीं। जवाब दिया कि नहीं गिने है। व्यक्ति ने कहा कि पैसे दो, वह अंदर मशीन से गिनकर लाता है। शिकायतकर्ता ने उस व्यक्ति को बैंक कर्मी समझकर पैसे दे दिए और शिकायतकर्ता दरखास्त लिखने लगा। उसके बाद देखा वह व्यक्ति कहीं नजर नहीं आया। वह व्यक्ति पैसे लेकर भाग गया। उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और सीसीटीवी फुटेज निकाली जाए।

## कुछ डॉक्टर्स ने तो इसी साल मार्च अप्रैल में की थी ज्वाइनिंग

# हड़ताल में भाग लेने पर प्रोबेशन पीरियड वाले 18 डाक्टरों को नोटिस, नौकरी पर तलवार

*सरकारी अस्पतालों में सीधे सीनियर मेडिकल ऑफिसर (एसएमओ) की भर्ती रोकने एवं पूर्व अनुमोदित संशोधित एसीपी संरचना की अधिसूचना जारी करने के मुद्दे को लेकर सरकारी रेगुलर डाक्टर पिछले चार दिनों से हड़ताल पर हैं।*

राजकुमार ▶▶| नारनौल

- नोटिस जारी कर मांगा है जवाब: ड्यूटी पर नहीं होने का कारण बताओ

सरकारी अस्पताल के डाक्टरों की चल रही हड़ताल के मद्देनजर सिविल सर्जन कार्यालय की ओर से जिला के लगभग 18 डाक्टरों (मेडिकल अफसर) को आवश्यक सेवा अनुरक्षण कानून (एस्मा) के तहत नोटिस जारी किए गए हैं। इसे नौकरी पर तलवार माना जा रहा है। यह नोटिस स्पेशली उन डाक्टरों को जारी किए गए हैं, जो फिलहाल अपना प्रोबेशन पीरियड (परीवीक्षाधीन अवधि) यानि तीन साल का कार्यकाल भी पूरा नहीं कर पाए हैं। यह ऐसे डाक्टर हैं, जो हाल ही में सरकारी नौकरी लगे थे। इस नोटिस के बाद इनकी सरकारी नौकरी खतरे में पड़ सकती है या फिर वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) खराब होने का डर रहेगा, जो उनके करियर को नुकसान पहुंचा सकती है।

गौर हो कि सरकारी अस्पतालों में सीधे सीनियर मेडिकल ऑफिसर (एसएमओ) की भर्ती रोकने एवं पूर्व अनुमोदित संशोधित एसीपी संरचना की अधिसूचना जारी करने के मुद्दे को लेकर सरकारी रेगुलर डाक्टर पिछले चार दिनों से हड़ताल पर हैं। यह हड़ताल गत 8 दिसंबर से जारी है। शुरूआत में दो दिन की हड़ताल की घोषणा की गई थी, लेकिन दो दिन में जब प्रदेश सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानी तो यह हड़ताल अनिश्चितकालीन में तब्दील कर दी गई, जो अब तक निरंतर जारी है। इस हड़ताल में वह सभी रेगुलर डाक्टर भाग ले रहे हैं, जो पुरानों के साथ–साथ नए नौकरी लगकर आए हैं और उन्होंने एक साल तो दूर कुछ महीने मार्च–अप्रैल 2025 में ही नौकरी ज्वाइन की हुई है।

### यह बोले सिविल सर्जन



सिविल सर्जन डा. अशोक कुमार ने बताया कि हड़ताल के मद्देनजर सरकार ने एस्मा लागू किया हुआ है और जो डाक्टर प्रोबेशन पीरियड में चल रहे हैं, फिलहाल उन्हीं को नोटिस जारी किया गया है। उनके जवाब का इंतजार है।



नारनौल। जिला नागरिक अस्पताल के औषधालय पर दवा लेते लोग। फोटो: हरिभूमि

### इनको दिया है नोटिस

यहां बता दें कि जिला महेंद्रगढ़ के सरकारी अस्पतालों में 148 मेडिकल अफसर लगे हुए हैं, जिनमें से 78 हड़ताल में भाग ले रहे हैं। इन्हीं 78 में से 18 को एस्मा के तहत नोटिस जारी किया गया है, जिनमें नांगल चौधरी सीएचसी से डा. सुंदर लाल सैनी, डा. प्रतिभा, डा. ज्योति व डा. दिनेश कुमार सैनी, पीएचसी मंढाना से डा. विकास यादव, नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ से डा. राहुल, डा. खजान पवार, डा. वंदना, डा. नेहा, डा. पूजा, डा. मनदीप, डा. राहुल कुमार, डा. अनुपम यादव, डा. पुष्पा व डा. मोहित एवं सतनाली से डा. राजदीप तथा जिला नागरिक अस्पताल नारनौल से डा. प्रीत खिची कुमार शामिल हैं।

### क्या होता है प्रोबेशन पीरियड

सरकारी नौकरी में प्रोबेशन पीरियड (परिवीक्षा अवधि) एक शुरुआती परीक्षण अवधि होती है, जिसमें नया कर्मचारी अपने काम, अनुशासन और विभाग के माहौल में ढलने की क्षमता को साबित करता है। यह तीन साल का होता है। इस दौरान नियोक्ता (सरकार) कर्मचारी के प्रदर्शन का मूल्यांकन करता है और सफल रहने पर उसे स्थाई (रेगुलर) किया जाता है। यदि आप प्रोबेशन पीरियड में सरकारी कर्मचारी हैं और हड़ताल करते हैं, खासकर जब आवश्यक सेवा अनुरक्षण कानून (एस्मा) लागू हो तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। प्रोबेशन पीरियड असफल होने पर सेवा समाप्त की जा सकती है। इस दौरान कुछ सुविधाएं भी सीमित की जा सकती हैं। अनुशासनात्मक कार्रवाई, नौकरी से बर्खास्तगी, वेतन की कटौती, कानूनी परिणाम के तहत बिना वारंट गिरफ्तार किया जा सकता है और जुर्माना या कारावास हो सकता है। भविष्य की संभावनाओं पर भी असर पड़ता है।



मंडी अटेली। अस्पताल में मरीजों को परामर्श देते डा. केएम शर्मा।

## अटेली अस्पताल में हड़ताल का प्रभाव नहीं

**मंडी अटेली।** हरियाणा डॉक्टर एसोसिएशन की अनिश्चितकालीन हड़ताल चौथे दिन भी जारी रही, लेकिन अटेली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं पर इसका कोई विशेष प्रभाव देखने को नहीं मिला। अटेली सीएचसी में दो डॉक्टर हड़ताल पर जरूर गए हैं, लेकिन इसके बावजूद मरीजों की सेवा में किसी प्रकार की बाधा नहीं आई। प्रशासन के इस कड़े रुख के बावजूद डॉक्टर एसोसिएशन अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं और पीछे हटने को तैयार नहीं है। वीरवार को अटेली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 333 मरीज ओपीडी में पहुंचे जो आम दिनों की तुलना में अधिक आंकड़ा है। प्रवर चिकित्सा अधिकारी विजय यादव ने बताया कि बीते चार दिनों से डॉक्टर एसोसिएशन की हड़ताल जारी है, पर अटेली में स्थिति पूर्ण रूप से सामान्य बनी हुई है।

# डीईओ डॉ. विश्वेश्वर कौशिक ने किया कार्यभार ग्रहण



नारनौल। कार्यभार ग्रहण करते डॉ. विश्वेश्वर कौशिक। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में डॉ. विश्वेश्वर कौशिक ने वीरवार को कार्यभार ग्रहण किया। डॉ. विश्वेश्वर कौशिक वर्तमान में उप जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक के रूप में कार्य कर रहे थे। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में अपने नये दायित्व को ग्रहण करते हुए जिले को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि परीक्षा का समय नजदीक है, वे अपना श्रेष्ठतम विद्यार्थियों को दें। हम विगत वर्षों की भांति इस बार भी बोर्ड परीक्षा में पूरे हरियाणा में अव्वल रहने के लिए संकल्पित हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने उनका स्वागत किया और कहा कि डॉ. विश्वेश्वर शिक्षा के प्रति समर्पित हैं। उन्होंने हमेशा विभिन्न पदों पर रहते हुए अपना श्रेष्ठतम दिया है। इसी प्रकार वे जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे तथा जिले को पूरे हरियाणा में श्रेष्ठ स्थान दिलवाएंगे। इस मौके पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी रेवाड़ी सुभाष सांभरिया, पूर्व उप जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र यादव, उप जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्रगढ़ अलका, खंड शिक्षा अधिकारी नांगल चौधरी सुनीता यादव आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## बुजुर्ग की देखभाल के लिए रखे अटेंडेंट ने चुराए रुपये व सोने की अंगूठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बुजुर्ग की देखभाल के लिए रखा गया अटेंडेंट 60 हजार रुपये व एक सोने की अंगूठी चोरी कर ले गया। इस बारे में बुजुर्ग के बेटे ने अटेंडेंट व उसकी एजेंसी के खिलाफ पुलिस में शिकायत की है। पुलिस महावीर चौकी को दी शिकायत में शिव कॉलोनी निवासी प्रवीण कुमार ने बताया कि उन्होंने अपने बीमार पिता की देखभाल के लिए दिल्ली स्थित मंजू नर्स एंड प्लेसमेंट सर्विसेज के संचालक अश्विन्द कुमार सिंह से संपर्क किया था।

शिकायत के अनुसार पांच जुलाई को प्लेसमेंट एजेंसी के संचालक अश्विन्द कुमार सिंह स्वयं पीड़ित के घर पहुंचे और उनके साथ आरोपित अटेंडेंट लोकेश कटुवाल भी आया। एजेंसी संचालक ने 26500 रुपये एडवांस कमीशन के तौर पर लिए और रसीद भी दी। उन्होंने यह आश्वासन दिया कि अटेंडेंट 11 महीनों तक 10 हजार रुपये मासिक वेतन पर सेवाएं देगा। प्रवीन यादव ने बताया कि लोकेश कटुवाल ने पांच जुलाई से 13 सितंबर तक लगातार काम किया और दो माह का वेतन 20000 रुपये भी ले लिया। 13 सितंबर को वह 18 सितंबर तक की छुट्टी लेकर गया, लेकिन वापस नहीं लौटा। जब पीड़ित ने प्लेसमेंट एजेंसी के संचालक से संपर्क किया, तो उसने बताया कि अटेंडेंट का कोई पता नहीं चल रहा। शक होने पर जब घर की अलमारी जांची गई, तो उसमें से 60 हजार रुपये व एक सोने की अंगूठी गायब मिली। शिकायतकर्ता का आरोप है कि अटेंडेंट व एजेंसी संचालक ने मिलीभगत से चोरी की है। जांच के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

## डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति का चुनाव करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति का चुनाव करवाने एवं एक ही प्रशासक की नियुक्ति करने को लेकर डीसी को ज्ञापन सौंपा। डीसी को सौंपे ज्ञापन में सुंदरलाल जोरासिया ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति के प्रशासक ओपी आर्य (निवासी अंबाला) की दो साल से अधिक बार-बार नियुक्ति करके जिला रजिस्ट्रार द्वारा डायरेक्टर जनरल ऑफ इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स कम रजिस्ट्रार जनरल ऑफ सोसाइटीज के पत्र की स्पष्ट अवेहलना है।

इस संबंध में उन्होंने 13 नवबंर को भी डीसी से मुलाकात की थी। डीसी ने संबंधित अधिकारी को शीघ्र चुनाव करवाने व किसी स्थानीय प्रशासक को नियुक्त करने का आश्वासन दिया था। उन्होंने बताया कि जिला रजिस्ट्रार द्वारा दो साल से अधिक समय से इसी प्रशासक को बार-बार नियुक्त किया जा रहे हैं। अभी फिर से उन्हें हीं प्रशासक नियुक्त किया है। प्रशासक द्वारा कार्यालय को गैर कानूनी रूप से सील करने, भवन निर्माण करवाने व कोई कार्रवाई प्रस्ताव आदि का रिकॉर्ड न रखने व आय व्यय का ब्योरा न देने आदि बहुत सी अनियमितता के बारे में जिला रजिस्ट्रार को भी अवगत कराया है, परंतु सभी अनियमिताओं को दर किनार रखते हुए उन्हें फिर से प्रशासक नियुक्त कर दिया गया है।



महेंद्रगढ़। डीसी से मुलाकात करते।

## सीएम फ्लाइंग टीम की दबिश, 7 कर्मचारी गैरहाजिर, रिकॉर्ड में मिली अनियमिताएं

# पीएचईडी कनीना दफ्तर में उड़नदस्ते की बड़ी रेड

- कनीना के जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक कार्यालय में पहुंची सीएम फ्लाइंग की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

मुख्यमंत्री उड़न दस्ता रेवाड़ी की टीम ने कनीना के पीएचईडीए जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग कार्यालय में रेड की है। निरीक्षक सत्येंद्र की अगुवाई में कार्यालय का निरिक्षण किया गया। इस दौरान टीम ने गोशाला रोड कनीना, रेवाड़ी रोड बूस्टिंग स्टेशन, झिगावन बूस्टिंग स्टेशन, भड़फ बूस्टिंग स्टेशन आदि का मौके पर जाकर निरीक्षण किया।

जहां पर ज्यादातर कर्मचारी गैर हाजिर पाए गए। कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे व बायोमिट्रिक मशीन खराब पाई गई। सफाई का बुरा हाल था। जहां पर लीकेज गंदे पानी को सप्लाई करता हुआ पाया गया। एसडीई कार्यालय पब्लिक हेल्थ कनीना के दस्तावेजों को खंगाला गया। जिनमें अनेक अनियमितताएं पाई गई। रेड के दौरान प्रेमकुमार एसडीओ पब्लिक हेल्थ महेंद्रगढ़ बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट हाजिर थे।

इसके अलावा सूचना यह भी है कि कई कर्मचारी ऐसे भी पाए गए है, जो उनकी ड्यूटी जगह पर आते ही नहीं और उनके साथी कर्मचारी उनको जानते भी नहीं पाए गए, फिर विभाग की ओर से उनको हाजिर दिखाकर वेतन रिलीज किया जा रहा है। टीम ने बताया कि उन्हें लगातार सूचना मिल रही थी कि गांव के बूस्टिंग स्टेशन पानी सप्लाई के लिए नहीं है, बल्कि शराब पीने के अड्डे बने हुए हैं।

यहां पर कोई कर्मचारी हाजिर नहीं रहता, सफाई की हालत खराब है, ज्यादातर कर्मचारी ड्यूटी से गैर हाजिर रहते हैं। किसी अन्य व्यक्ति से पेयजल की मोटर चलवाते हैं। इससे लगता है कि एसडीओ कनीना कार्यालय की मिलीभगत से यह सब काम हो रहे हैं।



कनीना। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग कार्यालय में सीएम फ्लाइंग टीम।

### सीसीटीवी कैमरे व बायोमिट्रिक मशीन मिली खराब

कनीना के बूस्टिंग स्टेशन पर तीन व रेवाड़ी रोड कनीना में चार कर्मचारी गैर हाजिर मिले। जिन पर कार्रवाई करने की अनुशंसा की गई है। विद्या देवी, वेदप्रकाश फीटर, नरेन्द्र सिंह स्थाई कर्मचारी तथा कृष्ण कुमार, दीपक, सचिन कुमार व कंवर सिंह एचकेआरएन कर्मचारी गैर हाजिर मिले तथा कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे व बायोमिट्रिक मशीन खराब पाई गई।

अमेजिंग
शिखर चंद जैन

# ये हैं दुनिया के सुपर कोल्ड प्लेसेस

बच्चो, जाड़े के मौसम में जब टेंपरेचर 5-10 डिग्री सेल्सियस के आस-पास तक पहुंच जाता है तो हमें जोरों की ठंड लगने लगती है। जरा सोचो, अगर टेंपरेचर माइनस 80-90 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाए, तो क्या होगा? सोचकर ही कंपकंपी छूट गई न! दुनिया की कुछ ऐसी ही जगहों के बारे में हम बता रहे हैं, जहां पड़ती है कड़ाके की ठंड।





## पूर्वी अंटार्कटिक पठार अंटार्कटिका

**पूर्वी अंटार्कटिक** पठार, जिसे अंटार्कटिक पठार या किंग हाकोन सेवेन पठार भी कहा जाता है, पूर्वी अंटार्कटिका के लगभग दो-तिहाई हिस्से में फैला हुआ है। यह पृथ्वी पर सबसे ठंडा स्थान है। यहां अब तक का न्यूनतम तापमान -94.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसकी जलवायु अत्यधिक ठंडी और शुष्क है। यह एक विशाल महाद्वीपीय पठार है, जो लगभग 3,000 मीटर (9,800 फीट) की औसत ऊंचाई पर स्थित है। यह पठार एक मोटी, स्थाई बर्फ की चादर से ढंका हुआ है, जिसकी मोटाई कुछ जगहों पर साढ़े चार किलोमीटर तक हो सकती है। अत्यधिक ठंड के कारण यहां कोई जीव-जंतु नहीं पाए जाते हैं। यहां के कुछ तटीय क्षेत्रों को छोड़कर, वनस्पतियों के रूप में केवल लाइकेन और मॉस ही पाए जाते हैं। *

## याकुत्स्क-साइबेरिया रूस



**रूस के** साइबेरिया में स्थित याकुत्स्क शहर दिसंबर के महीने में पूरी तरह से आइसक्रीम की तरह जम जाता है। इस महीने इस शहर का तापमान -31 से -41 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच जाता है। यहां महज चार घंटे के लिए सूरज की रोशनी मिलती है। याकुत्स्क को दुनिया का सबसे कम तापमान वाले शहर का खिताब मिला हुआ है। 5 फरवरी 1891 को यहां अब तक का सबसे कम तापमान -64.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। याकुत्स्क में पर्माफ्रॉस्ट का अनुभव होता है। पर्माफ्रॉस्ट का मतलब ठंडे तापमान के कारण जमीन का स्थायी रूप से जम जाना होता है। इस शहर की कुल आबादी 3 लाख 55 हजार है। *




## वोस्तोक स्टेशन अंटार्कटिका

**वोस्तोक अनुसंधान** केंद्र की स्थापना सोवियत संघ (पूर्व में रूस और कुछ अन्य देशों का संघ) ने 1957 में की थी। दक्षिणी ध्रुव पर स्थित, दक्षिणी गोलार्ध के इस क्षेत्र में जुलाई 1983 में अब तक का न्यूनतम तापमान -89.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह पृथ्वी के सबसे शुष्क स्थानों में से एक है। यहां प्रति वर्ष लगभग 20 मिलीमीटर वर्षा होती है, लेकिन यहां पानी नहीं बर्फ बरसती है। *

## क्लिंक स्टेशन ग्रीनलैंड

**क्लिंक मौसम** केंद्र, आर्कटिक सर्कल का सबसे ठंडा स्थान है। मध्य ग्रीनलैंड में स्थित क्लिंक स्टेशन में साल 1991 के दिसंबर में -69.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो ओम्याकॉन के पिछले रिकॉर्ड से -2 डिग्री सेल्सियस कम है। बच्चो, चिंता की बात यह है कि अत्यधिक ठंड के बावजूद, ग्लोबल वार्मिंग के कारण ग्रीनलैंड की अधिकांश बर्फ पिघल रही है। *





## ओम्याकॉन-साइबेरिया रूस

**आर्कटिक सर्कल** के उत्तरी ध्रुव पर स्थित ओम्याकॉन पृथ्वी पर सबसे ठंडा स्थाई रूप से बसा हुआ स्थान है। 1933 में यहां का न्यूनतम तापमान -67.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। यहां सर्दियों के दौरान औसत न्यूनतम तापमान लगभग -50 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहता है। 500 से कम आबादी वाले इस शहर में स्कूल केवल तभी बंद होते हैं, जब तापमान -55 डिग्री सेल्सियस से कम हो। यहां की अत्यधिक ठंड का एक कारण यह है कि यहां की पहाड़ियां ठंडी हवा को अंदर आने देती हैं और गर्म हवा को बाहर रखती हैं। इसके अतिरिक्त, दिन के समय यहां बहुत कम उजाला रहता है, जिससे तापमान और भी गिर जाता है। *

## एमंडसन-स्कॉट स्टेशन अंटार्कटिका

दक्षिणी ध्रुव पर स्थित, एमंडसन-स्कॉट स्टेशन 1956 में बनाया गया था। यहां गर्मियों में छह महीने धूप और सर्दियों में छह महीने पूरी तरह अंधकार रहता है। पूर्वी अंटार्कटिक पठार के इस हिस्से में जून 1982 में सबसे कम तापमान -82.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस स्टेशन का औसत वार्षिक तापमान लगभग -49.4 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहता है। यह दुनिया के सबसे दक्षिणी अनुसंधान केंद्रों में से एक है, जो अंटार्कटिका के ठंडे वातावरण में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करता है। यहां खगोल विज्ञान, भूकंप विज्ञान और जलवायु परिवर्तन जैसे विविध विषयों पर शोध किए जाते हैं। *



# न ही नीला, न ही गाय फिर क्यों कहते हैं नीलगाय?

बच्चो, नीलगाय का नाम सुनकर ऐसा लगता है जैसे, यह कोई ऐसी गाय होगी, जिसका रंग नीला होता होगा। या नीले रंग की गाय होती होगी। लेकिन ऐसा नहीं है! जानो, नीलगाय के बारे में कुछ बातें।



जीव जंतु
नयनतारा

बच्चो, नीलगाय एक ऐसा जानवर है, जिसका नाम उसके गुणों से मेल नहीं खाता। नीलगाय न तो नीला होता है और न ही यह गाय है। तो फिर इस पशु को नीलगाय क्यों कहते हैं? क्या हैं इसकी शारीरिक विशेषताएं, जानो।



**रंग अलग-रूप अलग:** नीलगाय के शारीरिक रंग की बात करें तो इसका रंग इसके नाम के अनुरूप नीला नहीं, बल्कि स्लेटी या धूसर होता है। दूसरी बात कि यह गाय जैसा नहीं बल्कि घोड़े की तरह दिखाई देता है। हालांकि यह घोड़े की तरह तेज नहीं दौड़ पाता। ऐसा इसलिए, क्योंकि नीलगाय का पिछला हिस्सा अगले हिस्से से कम ऊंचा होता है।

**नीलगाय नाम क्यों पड़ा:** बच्चो, तुम सोच रहे होगे कि कलर और शारीरिक संरचना में इतना अंतर होने के बावजूद इसका नाम 'नीलगाय' क्यों पड़ा? दरअसल, इसका स्लेटी या धूसर रंग दूर से देखने पर 'नीला' दिखाई देता है। रंग की बात समझने के बाद अब यह भी जान लो कि इसके नाम में 'गाय' क्यों जोड़ा गया? इसका कारण यह है कि मादा नीलगाय अपने भूरे रंग के कारण गाय की तरह दिखती है। इन्हीं दो कारणों से इसे नीलगाय कहा जाता है। वैसे वैज्ञानिक तौर पर इसे हिरण परिवार का सदस्य माना जाता है।

**क्या नीलगाय हिंसक होता है:** बच्चो, हर जीव-जंतु की अपनी एक विशेषता होती है। कुछ काफी खतरनाक होते हैं, तो कुछ का स्वभाव बेहद शांत होता है। नीलगाय की बात करें, तो यह आमतौर से शांत स्वभाव का पशु है। लेकिन इसे छेड़ने पर यह घोड़े की तरह दुलत्ती भी मार सकता है। वैसे, नीलगाय दूर से देखने में बहुत ही प्यारा लगता है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / अनुराग मनींद्र

## बाल गीतों का मनभावन संग्रह



बच्चो, हाल ही में तुम्हारे लिए शिशु और बाल गीतों का एक प्यारा-सा संग्रह आया है, नाम है-कुहू। इसके रचनाकार हैं राजा चौरसिया। इस संग्रह में कुल 40 गीत संकलित हैं। इस संग्रह में गीतों का संकलन कुछ ऐसा है कि इसे पढ़-सुनकर हर उम्र के बच्चे को आनंद आएगा। इसमें अलग-अलग विषयों पर गीत हैं। 'कुहू', 'बंदर और बंदरिया', 'गोलू और गधा', 'तुलसी', 'भूमि की महिमा', 'ज्ञान और विज्ञान', 'ओ पापा!', 'मम्मी ने कहा', 'ओ मेरी नानी!', 'दादा जी', 'हम', 'होली आई रे!', 'उत्सवी उत्साह' जैसे गीत तुम्हें खूब भाएंगे। इनमें से कुछ में तुम्हें प्रकृति और पर्व-त्योहार की झलक मिलेगी। कुछ गीत तुम्हें प्यारी-सी सीख भी देंगे। संग्रह में 'कुहू' जैसे कुछ गीत बहुत ही छोटे हैं तो 'बचपन के दिन : ताक-धिनाधिन' जैसे थोड़े बड़े गीत भी हैं। इन गीतों को पढ़कर, गुनगुनाकर, अपने छोटे भाई-बहनों को सुनाकर तुम्हें बहुत मजा आएगा। इस संकलन में बाल गीतों के साथ उनसे मेल खाते सुंदर और मोहक चित्र भी छपे हैं। *

**किताब :** कुहू (शिशु एवं बाल गीत), **लेखक :** राजा चौरसिया, **मूल्य :** 125 रुपए, **प्रकाशक :** पाथेय प्रकाशन, जबलपुर

## बूझो तो जानें





1. कांच के लेंस में मैं बैठा हूं
दूर को पास दिखाता हूं।
गगन, चंद्रमा,नक्षत्रों के
गुप्त रहस्य बताता हूं।

2. न जल हूं, न कोई धार
फिर भी बहती हर घर-बार।
चमक दिखाऊं, काम कराऊं
मुझसे चलें मशीन हजार।

3. आंखों को न दिखाई देती
रहूं रात-दिन सबके पास।
पेड़ों की पत्तियां हिलाती
मुझसे ही लेते सब श्वास।

- गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1.दूरबीन, 2.बिजली, 3.हवा

## जीके क्विज-183



1. वर्ष 2030 का कॉमनवेल्थ गेम्स भारत के किस राज्य में आयोजित किया जाएगा?
2. मध्यप्रदेश के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
3. चींटियों के काटने से किस एसिड के कारण जलन होती है?
4. फिडे वर्ल्ड कप का संबंध किस खेल से है?
5. दुनिया में सबसे अधिक ज्वालामुखी (वॉल्केनो) वाला देश कौन-सा है?
6. एफिल टॉवर किस शहर में स्थित है?
7. स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री कौन थे?
8. सुभाष चंद्र बोस को सबसे पहले 'नेताजी' किसने कहा था?
9. मिट्टी का अध्ययन क्या कहलाता है?
10. वायुमंडल में कौन-सी गैस सर्वाधिक पाई जाती है?



बच्चो, जीके क्विज-183 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-182 का उत्तर :** 1. गुरु तेग बहादुर, 2. लक्ष्य सेन, 3. आरिफ मोहम्मद खान, 4.तिरुवनंतपुरम, 5. हरिवंश राय बच्चन, 6.प्रोपेन और ब्यूटेन, 7.विटामिन-डी, 8.नेपाल, 9.ऑस्ट्रेलिया, 10.सहारा


**जीके क्विज-182 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ओमदेव-मुंगेली, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, ज्योति-बैकुंठपुर, कनिका-रायपुर, अमन-दुर्ग, विकास-रोहतक, कार्तिक-महासमुंद, प्रवीण-बिलासपुर, रजत-भोपाल



कहानी
अंजना मनोज गर्ग

ठिठुरती सर्दी में गोलू रजाई में मुंह ढंके लेटा था। उसका स्कूल जाने का जरा भी मन नहीं था। तभी उसे लगा, उसकी रजाई उससे स्कूल जाने के लिए बोल रही है। गोलू को आश्चर्य हुआ कि रजाई बोल भी सकती है! क्या रजाई सचमुच गोलू से कुछ बोल रही थी, कोई सीख दे रही थी? पढ़ो, मजेदार कहानी।

# रजाई की सीख



एआई इमेज

सुबह के सात बज गए थे। गोलू था कि रजाई में से निकलने का नाम ही नहीं ले रहा था। मम्मी, रसोई में खाना बनाते हुए उसे जगाने के लिए बार-बार आवाज लगा रही थीं, लेकिन उसका रजाई से बाहर निकलने का मन नहीं हो रहा था। बाहर बहुत तेज सर्दी थी। उसके लिए स्कूल जाना और भी कठिन था।

'मम्मी अभी आएंगी, मीठी-मीठी बातें करेंगी और झट से रजाई हटाकर मुझे तैयार करके स्कूल भेज देंगी। उफ! इतनी सर्दी है, मैं स्कूल नहीं जाऊंगा।' गोलू रजाई के भीतर मन ही मन बुदबुदाया।

'क्या बुदबुदा रहे हो गोलू?' एक आवाज आई।

'हुं..ह.. कौन!' एकदम से आई आवाज से गोलू चौंका। उसने रजाई से सिर बाहर निकाल कर देखा, बाहर कोई नहीं था।

'अरे! बाहर क्या देख रहे हो गोलू? मैं यहां तुम्हारी रजाई बोल रही हूं।' हंसती हुई रजाई कुछ फैल गई।

गोलू सकपकाया, धीमे से बोला, 'तुम बोलती भी हो!'

'हां, मुझे बोलना पड़ता है, जब गोलू जैसे बच्चे मेरा गलत फायदा उठाते हैं।' रजाई प्यार से बोली।

'अरे, मैंने क्या गलत फायदा उठाया तुम्हारा?' गोलू ने चिढ़ते हुए रजाई से पूछा। 'देखो तो दिन चढ़ आया है। तुम्हारे स्कूल जाने का समय भी हो रहा है। तुम्हारी मम्मी तुम्हें जगाने के लिए कितनी देर से आवाज लगा रही हैं, लेकिन तुम हो कि मुझे छोड़ना ही नहीं चाहते हो।' रजाई बोली।

'सर्दी कितनी तेज है, ऐसे में स्कूल कैसे जाऊं? तुम्हीं बताओ रजाई।' गोलू ने अपनी बात रखी।

'ओह तो ये बात है! अच्छा गोलू, एक बात बताओ, अगर मम्मी भी सर्दी में मुझमें दुबकी रहें, पापा भी ऑफिस न जाएं और दूध वाला, सब्जी वाला, अखबार वाला और भी सभी लोग मुझमें यह सोचकर दुबके रहें-भई सर्दी बहुत ज्यादा है, हम कोई काम नहीं करेंगे, फिर?' रजाई ने गोलू से सवाल किया।

'अरे! रजाई, अगर मम्मी खाना नहीं बनाएंगी तो मैं, छोटी, पापा सब भूखे रह जाएंगे न।' नन्हे गोलू का ध्यान किसी में नहीं बस मम्मी पर ही अटका था।

गोलू की इस मासूमियत पर रजाई जोर से हंस पड़ी, उसने पूछा, 'और बाकी सब?'

'वो तो उनके अपने काम हैं, उनको तो करने ही हैं। लेकिन मैं तो अभी छोटा हूं न!' गोलू मुंह बना कर बोला।

'छोटे हो, तभी तो तुम्हें केवल एक ही काम करना है, स्कूल जाकर पढ़ाई। बाकी सारे काम तुम्हारे मम्मी-पापा कर ही रहे हैं।' रजाई ने गोलू से कहा।

'हां! अब मैं समझ गया, रजाई।' सिर झुकाए-झुकाए गोलू बोला।

'क्या समझे?' रजाई ने मुस्कुराते हुए जानना चाहा।

'यही कि मुझे रोजाना समय पर तैयार होकर स्कूल जाना चाहिए, चाहे कितनी ही सर्दी हो।' गोलू उत्साह से बोला।

'हां, वेरी गुड! तो अब पहला काम तुम्हें क्या करना है?' रजाई ने गोलू का मन टटोला।

गोलू तुरंत बोला, 'मुझे अभी आपको छोड़कर स्कूल जाना होगा, लेकिन इतनी सर्दी...!'

'तो मैं हूं ना, जब तुम स्कूल से आओगे तो मैं अपनी गर्म-गर्म गोद में तुम्हें फिर से समेट लूंगी, मेरे प्यारे गोलू।' गोलू की बात पूरी होने से पहले ही रजाई बोल पड़ी।

तभी गोलू ने जैसे ही रजाई से सिर निकाला तो पाया कि मम्मी उसे जगा ही रही हैं।

'ओह, तो यह मैं सपना देख रहा था! लेकिन कुछ भी हो, रजाई ने सीख अच्छी दी।' गोलू मन ही मन बोला।

गोलू स्कूल के लिए तैयार हुआ तो बेड पर तह बनी रजाई उसे दिखाई दी। उसे लगा, स्कूल के लिए तैयार होते देखकर रजाई मुस्कुरा रही है। *

कविता
मीरा सिंह 'मीरा'



## लाल परी

सपने में मिलने आई कल
प्यारी एक परी।
सुंदर-सुंदर पंखों वाली
लेकर हाथ छड़ी।।
पूछा मैंने नाम बताओ
बोली लाल परी।
लाल रंग के कपड़े पहनी
आंखें बड़ी-बड़ी।।
कानों में हंसकर वह बोली
बाहर तो निकलो।
परी लोक की सैर कराऊं
तुम भी साथ चलो।।
उड़ती-उड़ती जा पहुंची कल
परी लोक सच में।
पेड़ लगे थे चॉकलेट के
बागों में कितने।।

## रंग भरो-191



**रंग भरो-191** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आन्या, दुर्ग



आशना, जांजगीर



अनन्या, महासमुंद



अंकित, धमतरी



अवनी, रायपुर



पयोनिधि, अंबिकापुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

डॉली-दुर्ग, प्रियंका-रायपुर, रितेश-मटियारी, डॉली-मटियारी, समृद्धि-शहडोल, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, सोनम-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, अंकुश-करनाल, तुषार-बिलासपुर, हर्षिता-कोरबा

## रंग भरो 192





बच्चो, यहां अपने क्यूट-से टेडी बियर को गोद में लेकर बैठी एक लड़की का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त जज ओपी नाहर का निधन, दी श्रद्धांजलि

**कोसली।** नाहड़ निवासी सेवानिवृत्त जज ओपी नाहर नहीं रहे। उनका अंतिम संस्कार उनके दिल्ली निवास के पास स्वर्गाश्रम में किया गया। उनके निधन के समाचार से नाहड़ क्षेत्र के सामाजिक संगठनों ने दुख जताते हुए श्रद्धांजलि दी है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रेमप्रकाश नाहड़ ने बताया कि एक साधारण परिवार में पिता देवकरण व माता फूली देवी के घर 14 जनवरी 1944 को जन्मे ओमप्रकाश नाहर और वे सात बहन भाईयों में सबसे बड़े थे।



रिटायर्ड जज ओपी नाहर।

### राव आज मंदिर व धर्मशाला का शिलान्यास करेंगे

**रेवाड़ी।** केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह शुक्रवार को रेवाड़ी में हनुमान मंदिर व आशीष मेमोरियल धर्मशाला का शिलान्यास करेंगे। आशीष वीर पब्लिक चैरिटेबल सोसायटी के संस्थापक व प्रधान कप्तान वीर सिंह यादव ने बताया कि शिलान्यास समारोह के मुख्यातिथि केन्द्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह होगे तथा इस अवसर पर गरिमामय उपस्थिति हरियाणा की केबिनेट मंत्री आरती सिंह राव , रेवाड़ी विधायक लक्ष्मण सिंह, कोसली विधायक अनिल , डॉ.कृष्ण कुमार,गुरुग्राम कमिश्नर रमेश चंद्र बिढान, जिला उपायुक्त व गुरुग्राम प्रशासक वैशाली सिंह की होगी।



केन्द्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह

### केंद्रीय मंत्री आज विकास कार्यों का उद्घाटन करेंगे

**रेवाड़ी।** केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह 12 दिसंबर को सुबह के समय नगर परिषद की ओर से कराए गए विकास कार्यों का उद्घाटन कर जनता को समर्पित करेंगें। इसके उपरांत केंद्रीय मंत्री गांव धरचाना में दोपहर पृथ्वी राज चौहान की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। वह शाम 4 बजे आशीष वीर पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट के भूमि पूजन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। राव गांव बाम्मड़ में कुडिया राम यादव की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे।

### कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन आज

**रेवाड़ी।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा आरकेवीवाई स्कीम के तहत किसानों को वर्ष 2025-26 के फसल अवशेष प्रबंधन घटक के तहत विभिन्न कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध करवाया जाना है। सहायक कृषि अभियंता दिनेश शर्मा ने बताया कि आरकेवीवाई स्कीम वर्ष 2025-26 के तहत जिन चयनित किसानों द्वारा सुपर सीडर, रीपर बाईन्डर व क्रॉप रीपर कृषि यंत्रों के बिल विभागीय पोर्टल पर 10 दिसंबर तक अपलोड करवा दिए गए है उन किसानों के कृषि यंत्रों का जिला स्तरीय कार्यकारिणी कमेटी द्वारा भौतिक सत्यापन किया जाएगा।



एईई दिनेश शर्मा

## जीआरपी से लेकर सिटी पुलिस तक नहीं कर रही कार्रवाई

# ऑटो चालकों की मनमानी, सवारियों की होड़ में पैदा कर रहे जाम जैसे हालात

- रेलवे चौक पर भी जाम का कारण बन रहे ऑटो चालक


हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

रेलवे रोड एक बार फिर ऑटो चालकों की मनमानी शुरू हो गई है। रेलवे स्टेशन के मेन गेट से लेकर चौक तक मनमाने तरीके से ऑटो खड़े किए जा रहे हैं, जिससे इस रोड पर फिर से जाम जैसे हालत बनने लगे हैं। जीआरपी से लेकर सिटी पुलिस तक ऑटो चालकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। पुलिस ने कुछ दिनों पहले रेलवे रोड पर जाम का कारण बनने वाले ऑटो चालकों के खिलाफ सख्ती से काम लिया था। रेलवे स्टेशन के गेट से लेकर चौक तक रोड को ऑटो से खाली करा दिया था। इससे स्टेशन पर आवागमन करने वाले यात्रियों व अन्य लोगों को काफी राहत मिली थी। पुलिस की इस कार्रवाई का ऑटो चालकों ने विरोध किया था, परंतु आमजन इससे काफी राहत महसूस करने लगे थे। समय बीतने के साथ ही ऑटो चालकों ने एक बार फिर से वही रवैया अपनाना शुरू कर दिया है। रेलवे रोड पर बड़ी संख्या में ऑटो खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे दूसरे वाहनों का निकलना मुश्किल बन जाता है। रेलवे चौक पर सरकुलर रोड से लेकर रेलवे स्टेशन से चलने वाले ऑटो सवारियों की होड़ में खड़े हो जाते हैं।





रेवाड़ी। रेलवे रोड और रेलवे स्टेशन के गेट पर खड़े ऑटो रिक्शा। फोटो : हरिभूमि





रेवाड़ी। रेलवे रोड पर दुकानों के बाहर रखा गया सामान व मोती चौक के पास अतिक्रमण के कारण लगी लोगों की भीड़। फोटो : हरिभूमि

### ट्रेन आते ही सवारियां उठाने की होड़

वैसे तो ऑटो चालक अपने वाहनों के गेट के अंदर एक ओर खड़ा रखते हैं, लेकिन ट्रेन आते ही सवारियां उठाने की होड़ में गेट पर इनका जमावड़ा हो जाता है। गेट से आवागमन करने वाले वाहनों और रेल यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार यात्रियों को छोड़ने के लिए स्टेशन पर जाने वाले वाहनों का निकलना भी मुश्किल बन जाता है।

### अतिक्रमण की जद में भी आया रोड

प्रशासन की ओर से ऑटो चालकों के खिलाफ एक्शन लेने के साथ-साथ रेलवे रोड को चौक तक अतिक्रमण से मुक्त करा दिया गया था। अतिक्रमण के आदि दुकानदार एक बार फिर अपनी सीमा से बाहर सामान रखने लगे हैं, जिससे रेलवे रोड एक बार फिर से संकीर्ण हो गया है। कुछ दुकानों के सामने रेहड़ियां भी लगनी शुरू हो गई हैं। लोगों ने प्रशासन से अतिक्रमण हटवाने की मांग की है।

### सड़क दोनों ओर से संकीर्ण हो चुकी

गोकल बाजार में एक बार फिर अतिक्रमण की भरमार हो गई है। दुकानों के बाहर दूर तक सामान रखा जा रहा है, जिससे बाजार में जाम जैसे हालात बने रहते हैं। गोकल गेट से रेलवे चौक और मोती चौक बाजार तक खुलकर अतिक्रमण हो रहा है। सड़क दोनों ओर से संकीर्ण हो चुकी है, जिससे लोगों को पैदल निकलना भी मुश्किल बना रहता है। नगर परिषद का अतिक्रमण हटाओ अभियान भी ठंडे बस्ते में जा चुका है।

### जाम लगाने वालों के होंगे चालान

रेलवे स्टेशन के बाहर रोड पर जाम का कारण बनने वाले ऑटो चालकों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। ऑटो चालक अगर ट्रैफिक नियमों की पालना नहीं करते हैं, तो उनके चालान करने की कार्रवाई जल्द अमल में लाई जाएगी। -बलवंत सिंह, सिटी ट्रैफिक इंचार्ज।



डहीना। सीहा स्कूल में आयोजित पीटीएम का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

## अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

# कार्यशाला में विद्यार्थियों को दिया नशे से बचाव का संदेश

- अभिभावकों ने अपने विचार एवं सुझाव दिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डहीना

सीहा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अभिभावक अध्यापक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर पुलिस विभाग द्वारा नशा मुक्ति कार्यशाला का आयोजन भी किया गया।

विद्यालय के स्टाफ सचिव दिनेश कुमार ने बताया कि यह पीटीएम अर्धवार्षिक परीक्षाओं की रिपोर्ट पर चर्चा तथा आगामी वार्षिक परीक्षाओं की रणनीति को केंद्र में रखकर आमंत्रित की गई थी, जिसमें सभी कक्षा प्रभारियों व विषय अध्यापकों ने अभिभावकों के साथ रचनात्मक विमर्श किया। अभिभावकों ने भी अपने विचार एवं सुझाव दिए। इस अवसर पर अभिभावकों के सम्मान में रंगोली, तिलक-अभिनंदन, सेल्फी प्वाइंट आकर्षण के केंद्र बने रहे। इस अवसर पर पुलिस विभाग द्वारा आयोजित नशा मुक्ति कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए इंस्पेक्टर रामपाल ने नशे के दुष्प्रभावों पर अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से सार्थक संवाद किया। हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार ने विभिन्न प्रकार के नशों की जानकारी दी।

### रचनात्मक भागीदारी के लिए जताया आभार

विद्यालय के प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया ने पीटीएम में रचनात्मक भागीदारी के लिए शताधिक अभिभावकों, विद्यार्थियों व सभी शिक्षकों के अलावा नशा मुक्ति की कार्यशाला के लिए पुलिस प्रतिनिधियों का आभार ज्ञापित किया। स्कूल प्रबंधन समिति के सभी प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिनमें पूर्व प्रधान नरेश कुमार, वर्तमान प्रधान नरबीर, सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक रामकुमार यादव, नाहर सिंह, सुनीता, संजीता आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।

# संयुक्त किसान मोर्चा ने किया का. सत्यवान का अभिनंदन

**रेवाड़ी।** सयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय नेता एवं आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का. सत्यवान का संयुक्त किसान मोर्चा, एम्स संघर्ष समिति मनेठी, रामगढ़ भगवानपुर अस्पताल बनाओ संघर्ष समिति, सेवा स्तब्ध, वकीलों समेत अन्य प्रबुद्ध नागरिकों ने स्थानीय नेहरू पार्क में अभिनंदन सभा आयोजित की। वक्ताओं ने कहा कि उड़ीसा के क्योझर जिला में ओडिशा सरकार जिंदल पास्को बहुराष्ट्रीय कंपनी के लिए वहां के किसानों की उपजाऊ जमीन को जबरन हड़प रही है। इसके विरोध में जिंदल पॉस्को प्रतिरोध मंच की और से बहादुराना संघर्ष को समर्थन देने के लिए कॉमरेड सत्यवान जमुनापोसी गांव में आयोजित किसान पंचायत को संबोधित करके जब वापिस आ रहे थे तो कंपनी के गुंडों ने कॉमरेड सत्यवान एवं अन्य 4 किसान नेताओं पर हमला बोल दिया , और गुंडे जबरन तिरुमूंगा पुलिस स्टेशन ले गए। पुलिस की हाजिरी में गुंडों ने बदमाशी की और पुलिस ने उन्हें अवैध हिरासत में रखा , जनता के प्रबल विरोध के बाद उन्हें रिहा किया गया। सभा को का. राजेंद्र बिसंह, अभय सिंह, अशोक मूसेपुर, पृथ्वी सिंह , समय सिंह, कैलाश चंद, भगत सिंह सांभरिया, मूलचंद आर्य ,अनिल सरपंच प्रतिनिधि भगवानपुर इत्यादि समेत काफी किसान नेताओं ने संबोधित किया।



## विद्यार्थियों को नशे के प्रति किया जागरूक पुलिस का नशा मुक्त अभियान जारी



**रेवाड़ी।** नशा मुक्त रेवाड़ी अभियान अंतर्गत ने पुलिस ने वीरवार को गवर्नमेंट स्कूल गोठड़ा टप्पा डहीना, सीहा व लिसान में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। आप सभी विद्यार्थी देश का भविष्य हो। पढ़ाई, खेल और अपने सपनों में ध्यान लगाओ, नशे जैसी बुरी आदतों से हमेशा दूर रहो। अगर गांव या आस-पास कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को जानकारी दें। टीम ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के तरों से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आजकल अपराधी फोन कॉल, सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से व्यक्तिगत जानकारी जैसे ओटीपी, पासवर्ड आदि हासिल करने की कोशिश करते हैं। ऐसे में सभी को सतर्क रहना चाहिए और किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए।

## तनाव से मुक्त होकर और बेहतर तरीके से काम कर सकेंगे : डीसी

# कार्यालयों में कार्यस्थल पर शुरू हुआ पांच मिनट का योगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

आयुष विभाग द्वारा कार्यस्थल पर माहौल को अनुकूल बनाने और अधिकारियों-कर्मचारियों को तनाव मुक्त रह कर कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से ह्वाई-ब्रेकह्व देने का निर्णय लिया गया है। वाई-ब्रेक यानी योग के लिए ब्रेक कार्यदिवस में पांच मिनट के लिए होगा। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि सरकार द्वारा अधिकारियों-कर्मचारियों को अब कार्यस्थल पर प्रत्येक कार्यदिवस पर कुछ ऐसी क्रियाएं और सरल योग के आसन करने के लिए समय दिया गया है, जिससे वह तनाव से मुक्त होकर और बेहतर तरीके से काम कर सकें। वाई-ब्रेक पांच मिनट का होगा। वाई-ब्रेक में शरीर को राहत के लिए आंखों, कंधों, कमर और अन्य अंगों के लिए क्रियाएं कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य कार्यस्थल पर माहौल को अनुकूल बनाने और अधिकारियों-कर्मचारियों को तनावमुक्त रह कर कार्यक्षमता बढ़ाने में मदद करना है।



रेवाड़ी। सचिवालय में वाई ब्रेक के दौरान योग करते कर्मचारीगण। फोटो : हरिभूमि

## विश्व मानव अधिकार दिवस पर जागरूकता कैंप में दी अधिकारों की जानकारी




**रेवाड़ी।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निदेशानुसार एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित वर्मा के आदेशानुसार विश्व मानव अधिकार दिवस पर पैरा लीगल वॉलिंटियर संगीता यादव द्वारा बाल भवन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एक जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में पैरा लीगल वॉलिंटियर संगीता यादव ने बताया की दुनिया में हर व्यक्ति के जन्मसिद्ध अधिकारों की अहमियत को उजागर करने के लिए हर वर्ष 10 दिसंबर को मानव अधिकार दिवस मनाया जाता है। मानव अधिकार दिवस सभी के लिए समानता स्वतंत्रता और गरिमा सुनिश्चित करते हैं। संयुक्त राष्टद्रूर इन अधिकारों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

*धरने में प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण नौजवान, महिलाएं व पुरुष भाग ले रहे*

# अस्पताल निर्माण की मांग को लेकर धरना रहा जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

रामगढ़ भगवानपुर गांव की पंचायती जमीन पर 200 बिस्तर के नागरिक अस्पताल को शिफ्ट करने की मांग पर रामगढ़ भगवानपुर के ग्रामीणों का धरना वीरवार को 178वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता राव रोशन लाल ने की। धरने पर प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण, नौजवान, महिलाएं व पुरुष भाग ले रहे हैं। धरने में रामगढ़ भगवानपुर के अलावा आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों ने भाग लिया। रामगढ़ भगवानपुर अस्पताल बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक व सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने कहा कि हमारे साथ धोखा किया गया है। अस्पताल का वायदा करके हमारी बेशकीमती जमीन ले ली। बाद मे वादाखिलाफी की गई। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। हमनें अस्पताल के लिए फ्री में जमीन देने का प्रस्ताव राव इन्द्रजीत के कहने पर दिया था। परन्तु पानी के लिये जमीन की रजिस्ट्री करा ली और अस्पताल के लिये चुप्पी साधे हुए है। 21 दिसंबर 2025 को धरनास्थल से रेवाड़ी शहर सहित विभिन्न आस पास के गांवो मे ट्रैक्टर मार्च निकालकर अपनी नागरिक अस्पताल बनाने की मांग को पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा।



रेवाड़ी। धरने को संबोधित करते हुए एक वक्ता।

## बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**बावल।** जिला को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिला के आंगनबाड़ी, स्कूल और कॉलेज सहित 100 गांवों में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में एक प्राइवेट स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ भी दिलवाई गई। बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय के प्रमोद कुमार ने बाल विवाह के खतरे, संबंधित कानूनों और रोकथाम के उपायों पर जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत लड़की की शादी की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और लड़के की 21 वर्ष होनी आवश्यक है। इससे कम उम्र में शादी कराना दंडनीय अपराध है, जिसके लिए 2 वर्ष तक की कैद और एक लाख रुपये तक जुमार्ना का प्रावधान है। झूठी शिकायत करने पर भी कार्रवाई होगी।

# दिवाली पर्व को वैश्विक पहचान मिलने पर जताई खुशी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

यूनेस्को में भारत के पावन पर्व दीपावली को 'मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर' की प्रतिष्ठित सूची में शामिल किए जाने पर आज विश्व हिंदू परिषद जिला रेवाड़ी एवं भिवानी विभाग ने संयुक्त रूप से हर्षोल्लास मनाया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि यह निर्णय भारत के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है, जिसने इस प्राचीन त्योहार को वैश्विक मंच पर पहचान और मान्यता दी है। योग, कुंभ मेला और दुर्गा पूजा के बाद, दीपावली भारत की पांचवीं अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर बन गई है। विहिप विभाग मंत्री राजकुमार यादव ने कहा कि दीपावली को यह वैश्विक पहचान मिलना भारतीय संस्कृति की शक्ति और व्यापकता का प्रमाण है। यह केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों, प्रकाश और न्याय का प्रतीक है, जिसे आज पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है।

## समस्या: समाधान शिविर में मौके पर ही बनाई पेंशन, अवैध कब्जे हटवाने के निर्देश

गांव भाड़ावास में खेत के रास्ते से मिट्टी उठाने पर डीसी ने खनन अधिकारी को जांच करते हुए जुर्माना लगाने के निर्देश दिए

# जनता की शिकायतों का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता: मीणा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

प्रदेश सरकार की पहल पर जिला प्रशासन की ओर से जिला मुख्यालय सहित उपमंडल स्तर पर लगाए जा रहे समाधान शिविर आमजन की शिकायतों का समाधान करवाने में महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। समाधान शिविर में नागरिकों को एक ही स्थान पर अपनी शिकायतों व समस्याओं का समाधान करवाने का अवसर मिल रहा है। डीसी अभिषेक मीणा ने वीरवार को जिला सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए जन शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवाकर आमजन को राहत पहुंचाई। डीसी ने समाधान शिविर में मौके पर ही कंवाली निवासी नरेश कुमार की अविवाहित पेंशन बनवाई। गांव भाड़ावास में खेत के रास्ते से मिट्टी उठाने पर डीसी ने खनन अधिकारी को जांच करते हुए जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। गांव जैतड़ावास में रास्ते पर हो रहे अवैध कब्जे की शिकायत पर डीसी ने डीडीपीओ को अवैध कब्जा हटवाने के निर्देश दिए। गांव डहीना में पंचायती रास्ते की पैमाइश करवाने के लिए संबंधित नायब तहसीलदार को निर्देश दिए। सेक्टर-3 सीवरेज चैंबर व नाले की साफ-सफाई करवाने के लिए नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए। केवल बाजार के वार्ड-6 की गली में लेवलिंग करके पानी की निकासी का प्रबंध करने के लिए नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए।



रेवाड़ी। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते डीसी अभिषेक मीणा।

### शिकायतों को नहीं किया जाए नजरअंदाज

डीसी ने कहा कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी समाधान कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आमजन की शिकायतों को नजरअंदाज करना किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन नागरिकों की सहायता के लिए सदैव तत्पर हैं और जनहित में यह पहल निरंतर जारी रहेगी। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी, एसडीएम रेवाड़ी सुरेश कुमार, भाजपा नेता हुकमचंद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सूचना

मैं, धर्मबीर पुत्र श्री गुलज़ारी लाल निवासी नांगल सिरोही तह. व जिला महेंद्रगढ़ (हरि) का स्थाई निवासी हूं मैं बयान करता हूं कि मेरा लड़का मनोज कुमार उर्फ जुगलाल व पुत्रवधू सपना मेरे कहने सुनने से बाहर है इसलिए मैं उनको अपनी अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। अगर भविष्य में उनसे कोई लेनदेन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### सूचना

मैं, धर्मबीर पुत्र श्री मातदीन निवासी गांव पवेरा, तहसील नांगल चौधरी, जिला महेन्द्रगढ़ (हरियाणा) बयान करता हूं कि मेरा पुत्र आयुष मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### युवक को बंदूक दिखाकर दी मारने की धमकी

**नारनौल।** युवक को बंदूक दिखाकर उसको जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। गांव धरसू निवासी महाबीर प्रसाद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीते कल दोपहर लगभग 12 बजे उनके घर के बाहर दो युवक मोटरसाइकिल पर आए और उनके छोटे बेटे विशाल का नाम लेकर आवाज लगाई। जैसे ही वह दरवाजे पर पहुंचे, बाइक पर पीछे बैठा युवक नीचे उतरा तथा उनकी ओर पिस्तौल की तरह दिखने वाली वस्तु तानकर डराने का प्रयास किया।

### छात्रों को साइबर क्राइम एवं कानूनी जानकारी दी

**मंडी अटेली।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डेरोली अहीर में छात्रों को साइबर क्राइम एवं कानूनी जानकारी दी गई गई। इस कार्यक्रम का आयोजन लीगल लिटरेसी कार्यक्रम प्रभारी हनुमान प्रसाद के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मीनाक्षी शर्मा इंस्पेक्टर रही, जिन्होंने छात्रों को कानूनी जानकारी देते हुए बताया कि लड़कियों को किसी भी प्रकार के शोषण की जानकारी पुलिस को देनी चाहिए तथा दुर्गाशक्ति आपकी सहायता के लिए है।

### हजारों की नकदी व आभूषण चुराए

**नारनौल।** अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर गांव खासपुर में हजारों रुपये की नकदी तथा सोने चांदी के आभूषण चुरा लिए। सदर थाना के गांव खासपुर निवासी अतर सिंह, जो वर्तमान में दिल्ली में रहते हैं। घर से बीती रात अज्ञात चोर ताला तोड़कर नकदी व सोने के आभूषण चोरी करके फरार हो गए। अतर सिंह को उनकी माता विधा ने सुबह फोन पर दी। रात में अपने दूसरे बेटे के घर पर सोने चली जाती हैं। 10 दिसंबर की सुबह जब उनकी माता घर आई, तो देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है।

### बेटियां ही समाज की धरोहर : दरियाव आर्य

**नांगल चौधरी।** बेटियां ही समाज की धरोहर और परिवार की ताकत होती हैं। एक शिक्षित बेटी में दो परिवारों को संभालने की काबलियत होती है। बावजूद समाज में बेटा और बेटियों में भेदभाव होना सामाजिक संकीर्णता का प्रदर्शित करता है। उक्त विचार भुंगारका निवासी आर्य समाजी दरियाव आर्य ने ग्रामीणों को व्यक्त किए। इस दौरान उन्होंने घर में कन्या के जन्म पर उत्सव मनाया गया तथा प्रसाद वितरण करके स्वस्थ्य जीवन की मन्नतें मांगी गई।

### नंबरदार मांगों को लेकर मंत्री को सौंपेंगे ज्ञापन

**मंडी अटेली।** अटेली तहसील के नंबरदारों की बैठक अनाज मंडी में वीरवार को जिला प्रधान रगबीर सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें नंबरदारों की समस्याओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के 13 को नारनौल में आगमन पर मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस मौके पर मास्टर धर्मेंद्र मिर्जापुर, नंबरदार भूपेंद्र खर्ब, जयपाल, अतर सिंह खारीवाड़ा, कृष्ण कुमार, सुनील नंबरदार आदि मौजूद रहे।

---

*भवन, कक्षाएं, पीने का पानी, शौचालय, बिजली, रैंप, सुरक्षा व स्वच्छता से जुड़े प्रावधान किए शामिल*

# स्कूलों में आधारभूत सुविधाओं व छात्रहित में जुड़े मुद्दों पर सख्ती, डीईओ ने दिए कड़े निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

हरियाणा मानवाधिकार आयोग चंडीगढ़ के संज्ञान के बाद शिक्षा विभाग हरकत में आ गया है। आयोग ने हिसार जिले के एक विद्यालय के आसपास शराब एवं नशीले पदार्थों की बिक्री, स्कूलों में महिलाओं व छात्राओं के लिए आधारभूत सुविधाओं और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर आई शिकायत पर गंभीर चिंता जताते हुए तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, मुख्याध्यापकों एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानों को विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। डीईओ कार्यालय की ओर से जारी पत्र के अनुसार सभी विद्यालयों को यह सुनिश्चित करना होगा कि स्कूलों में आधारभूत ढांचे व सुविधाओं से संबंधित डेटा तत्काल पोर्टल पर अपडेट किया जाए। जिसमें भवन, कक्षाएं, पीने का पानी, शौचालय, बिजली, रैंप, सुरक्षा व स्वच्छता से जुड़े प्रावधान शामिल हैं। पत्र में कहा गया है कि इस प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही, गलत जानकारी या अपूर्ण डेटा को जवाबदेही व कदाचार माना जाएगा। इसके अतिरिक्त यह भी निर्देश दिए गए हैं कि स्कूल प्रबंधन समिति को सक्रिय किया जाए।

#### एसएमसी का पुनर्गठन कर मासिक बैठकें अनिवार्य

*हर विद्यालय में एसएमसी का पुनर्गठन कर मासिक बैठकें अनिवार्य की गई हैं। जिनमें विद्यालय प्रमुख, अभिभावक, शिक्षक प्रतिनिधि, स्थानीय सदस्य एवं एक छात्र (बाल नेता) शामिल होंगे। इन बैठकों में सुरक्षा, स्वच्छता, सुविधा सुधार एवं छात्र कल्याण से जुड़े सभी बिंदुओं की समीक्षा होगी। साथ ही साथ सामुदायिक सहभागिता व जागरूकता बैठकें अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। हर माह अभिभावकों, पंचायत प्रतिनिधियों, एसएमसी सदस्यों व स्थानीय समुदाय के साथ एक सामुदायिक जागरूकता बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें बच्चों के अधिकार, सुरक्षित वातावरण, विद्यालयी सुविधाएं व शिकायत तंत्र पर जानकारी दी जाएगी।*

#### 'नशे को ना कहें, विषय पर जागरूकता सत्र करें आयोजित

पत्र के अनुसार नशा मुक्ति पर विशेष जागरूकता अभियान चलाकर कक्षा 6 से ऊपर के सभी विद्यार्थियों के लिए "नशे को ना कहें" विषय पर जागरूकता सत्र आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग या किसी मान्यता प्राप्त संगठन को शामिल किया जा सकता है। विद्यार्थियों को मादक पदार्थों के स्वास्थ्य, कानूनी व सामाजिक दुष्प्रभावों पर शिक्षित किया जाएगा। साथ ही प्रचार सामग्री, पोस्टर और रिपोर्ट भी तैयार कर अपलोड करनी होंगी।

#### बीईओ व मंडल स्तर की टीमें करें विद्यालय का निरीक्षण

खंड शिक्षा अधिकारियों तथा मंडल स्तर की टीमें विद्यालयों में निरीक्षण कर ब्लॉक-वार रिपोर्ट भेजने के लिए निर्देशित किया गया है। किसी प्रकार की कमी को छिपाना या गलत रिपोर्ट देना जानबूझकर की गई लापरवाही मानी जाएगी। पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि मानवाधिकार आयोग द्वारा उठाए गए मुद्दे अत्यंत संवेदनशील हैं, इसलिए विभाग ने सभी विद्यालय प्रमुखों को निर्देश दिया है कि वे शत प्रतिशत अपडेट डेटा, मासिक बैठकें, जागरूकता कार्यक्रम और सुविधाओं के मानकीकरण सुनिश्चित करें। पत्र में जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा है कि निर्देशों का पालन न करने वाले स्कूलों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

### सफलता में रुकावट नहीं बन सकती दिव्यांगता: महेंद्र चौधरी

नांगल चौधरी। राजपूताना शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में अंतर राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस के अवसर पर सेमिनार लगाया गया। जिसकी अध्यक्षता संस्था के सचिव एचएन धोलीवाल ने की। जिसमें महेंद्र चौधरी मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा और हौंसले की ताकत उत्पन्न करने पर दिव्यांगता भी सफलता के रास्ते में रूकावट नहीं बन सकती। उन्होंने सरकार द्वारा क्रियाविंत योजनाओं से अवगत कराया तथा मदद के लिए संस्था में हेल्प डेस्क लगाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शारीरिक विकारों पर मनुष्य का जोर नहीं चलता। विभिन्न कारणों के चलते दुर्घटना, बीमारी के चलते शारीरिक अंग प्रभावहीन हो जाते हैं।

---

## सुनसान एरिया में तहसील जाने पर बढ़ा जोखिम

# नांगल चौधरी तहसील कार्यालय को दूर किया शिफ्ट, बढ़ी परेशानी

» *लूटपाट की वारदातों की आशंका से व्यापारी चिंतित, डीसी को सौंपेंगे ज्ञापन*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नांगल चौधरी


नांगल चौधरी। नव स्थापित तहसील कार्यालय में वकीलों से दस्तावेज तैयार कराते आमजन। फोटो : हरिभूमि

नांगल चौधरी तहसील कार्यालय को शहर से करीब तीन किलोमीटर दूर दमकल विभाग के भवन में शिफ्ट कर दिया। जहां तक पहुंचने के लिए परिवहन व टैंपो सेवा उपलब्ध नहीं है, लोगों को किराए पर वाहन लेकर कार्यालय जाना पड़ता है। ऐसे में गरीब वर्ग की परेशानी बढ़ गई। इसके अलावा महिला व छात्राओं को विभिन्न दस्तावेजों के लिए तहसील पहुंचना जोखिम भरा हो गया है।

आपको बता दें कि जनवरी 2013 में नांगल चौधरी उप तहसील का अपग्रेड करके तहसील का दर्जा दिया गया था। पंचायत समिति के भवनों में तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा स्टॉफ के कार्यालय निर्धारित कर दिए। करीब 50 साल पहले निर्मित पंचायत समिति के भवन कंडम हो चुके हैं, कमरों की दीवार तथा छत का प्लास्टर गिरने की शिकायत पर विभाग ने पीडब्ल्यूडी विभाग से भवनों का निरीक्षण कराया था। विभाग ने सभी भवनों कंडम करार देते हुए तुरंत खाली करने की हिदायत दी थी। इसके बाद बीडीपीओ कार्यालय ने तहसील को नोटिस देकर भवनों में जानलेवा खतरे से अवगत कराया तथा जल्द खाली करने का आग्रह किया था, लेकिन जगह के आभाव में बीते 10 सालों ससे कंडम भवनों में ही तहसील कार्यालय सेवाएं दे रहा है। बीते दिनों बारिश का पानी भरने पर कर्मचारियों ने एसडीएम को समस्या से अवगत कराया तथा सुरक्षित भवन उपलब्ध कराने की गुहार लगाई थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन ने दमकल विभाग के भवनों में तहसील कार्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया। उपायुक्त के निर्देशानुसार बुधवार को सामान उठाकर दमकल विभाग के भवनों में लगाना आरंभ कर दिया है, लेकिन यह दमकल विभाग का भवन शहर से करीब तीन किलोमीटर दूर गोशाला रोड पर है। जहां परिवहन व सिटी सेवा उपलब्ध नहीं, कामकाज कराने के लिए किराये के वाहनों में सफर करना लोगों की मजबूरी रहेगी।

#### समस्या से उच्चाधिकारियों को कराया जाएगा अवगत

तहसीलदार निशा श्योराण ने बताया कि तहसील कार्यालय को दमकल विभाग के कार्यालय में शिफ्ट कर दिया है। अब घरेलू कार्यों के चलते अवकाश पर चली गई, इसलिए वहां की समस्याएं उनके संज्ञान में नहीं आई। सोमवार को कार्यालय आऊंगी तक जन समस्याओं का जायजा लिया जाएगा तथा समाधान के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

---

▪ कुलपति प्रोफेसर टंकेशवर कुमार ने शैक्षणिक गतिविधियों के लिए बताया उपयोगी

# हकेंवि में 196.98 करोड़ की 6 परियोजनाओं का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस छह आधारभूत परियोजनाओं का भूमि पूजन वीरवार को विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार व विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव के कर-कमलों से सम्पन्न हुआ। भारतीय परम्परा के अनुसार कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय व एनबीसीसी (इंडिया) के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डॉयरेक्टर केपी महादेवा स्वामी की मौजूदगी में इस निर्माण कार्य की शुरुआत में विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार व एनबीसीसी के चीफ जनरल मैनेजर राजीव कुमार ने भी योगदान दिया। कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में निर्मित होने जा रही इन छह परियोजनाओं के अंतर्गत 196.98 करोड़ खर्च होंगे। 41,339 वर्ग मीटर में बनने वाली इन परियोजनाओं के अंतर्गत स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ब्लॉक, 16 लेक्चर हॉल, सेंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर, छात्राओं के लिए दो हॉस्टल, बहुउद्देश्यीय हॉल व विश्वविद्यालय कम्प्यूटर सेंटर का निर्माण किया जाएगा। मौके पर विवि के प्रोवोस्ट प्रो. राजेंद्र प्रसाद मीणा, प्रो. मोना शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. रेनु यादव, पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष सीएच आदि मौजूद रहे।


महेंद्रगढ़। छह परियोजना के भूमि पूजन पर कुलपति व एनबीसीसी के अधिकारी।

### हकेंवि में वॉलीबॉल प्रतियोगिता जारी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित हो रहे चार दिवसीय उत्तर क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय वॉलीबॉल पुरुष प्रतियोगिता के तीसरे दिन विभिन्न प्रतिभागी टीमों के द्वारा बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया गया। वीरवार को आयोजित मुकाबलों की शुरुआत लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी व पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला के बीच हुए मुकाबले में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने जीत दर्ज की। एक अन्य मुकाबले में चैधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा व हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी के बीच हुए मुकाबले में हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी ने जीत हासिल की। तीसरे मुकाबले में स्पोट्र्स यूनिवर्सिटी हरियाणा व एमएमयू, अंबाला के बीच हुए मैच में स्पोट्र्स यूनिवर्सिटी हरियाणा ने जीत हासिल की। एक अन्य मुकाबले में कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी व स्पोट्र्स यूनिवर्सिटी, पटियाला के बीच हुए मुकाबले में कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी, कुरूक्षेत्र ने बाजी मारी। पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ व स्पोटर्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा, राई के बीच हुए मुकाबले में पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ और गुरुकुल कांगड़ी यूनिवर्सिटी, हरिद्वार व एलपीयू यूनिवर्सिटी के बीच हुए मुकाबले में एलपीयू यूनिवर्सिटी की टीम ने जीत हासिल की।



महेंद्रगढ़। विद्यालय संस्थापक का जन्मदिन मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### विद्यालय के संस्थापक का 81वां जन्मदिन मनाया

**महेंद्रगढ़।** बीआर ज्ञानदीप विद्यालय सुरजनवास के संस्थापक रामसिंह यादव का 81वां जन्मदिन मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रामबीर यादव, चेयरमैन रूपराम यादव और समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। रामसिंह यादव का जीवन उच्च आदर्शों और शिक्षा के प्रति समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। बचपन से ही उन्होंने शिक्षा को मानवता का सबसे बड़ा हथियार माना और इसे हर वर्ग तक पहुंचाने का सपना देखा। उनका मानना था कि शिक्षा सिर्फ एक विषय नहीं, बल्कि समाज को सशक्त बनाने का माध्यम है। विद्यालय की स्थापना के पीछे उनकी सोच थी कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। उन्होंने अपने जीवन के हर क्षण को इस मिशन के लिए समर्पित किया और उच्च मानकों को स्थापित किया। शिक्षकों ने उन्हें बधाई देते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

---

# राजकीय पॉलिटेक्निक में ब्रेक के दौरान स्टाफ ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

बाबा खेतानाथ राजकीय पॉलिटेक्निक में वीरवार को नियमित कार्य के बीच आयोजित ब्रेक में स्टाफ सदस्यों ने योग प्रशिक्षक की देखरेख में कई महत्वपूर्ण योगासन व श्वास तकनीकों का अभ्यास किया। इस सत्र का उद्देश्य मानसिक शांति, तनाव मुक्ति व दिनभर की कार्यक्षमता को बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के दौरान अनुलोम-विलोम, गहरी श्वास संबंधी अभ्यास, ध्यान तथा कुछ अन्य सरल मगर लाभकारी योगासन किए। प्रशिक्षक ने सभी को सही मुद्रा, सही श्वास-प्रश्वास व योग के दैनिक जीवन में महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नियमित योगाभ्यास से होने वाले शारीरिक व मानसिक लाभों पर भी विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर बाबा खेतानाथ आयुर्वेदिक कॉलेज के योग शिक्षक जगपाल यादव ने योग सत्र का संचालन किया। उन्होंने स्टाफ को प्राकृतिक श्वास क्रियाओं व सरल योगासन के माध्यम से स्वयं को ऊर्जावान बनाए रखने के तरीके बताए। सत्र समाप्त होने के बाद प्राचार्य अनिल यादव ने कहा कि तेज रफ्तार जीवनशैली में योग ही वह माध्यम है, जो मन, शरीर व कार्यक्षमता तीनों को संतुलित रखता है। उन्होंने प्रतिदिन कुछ मिनट योग को जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। इस योगा ब्रेक कार्यक्रम में संस्थान के सभी स्टाफ सदस्य उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।


नारनौल। बीकेएन में योगाभ्यास करते हुए।

### स्याणा स्कूल में स्थायी प्राचार्य नियुक्त करने की मांग रखी

**नारनौल।** बहुजन समाज पार्टी के नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने प्रदेश सरकार से स्याणा गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में तत्काल स्थाई प्राचार्य नियुक्त करने की मांग की है। अतरलाल ने शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा को भेजे ज्ञापन में इलाके के सेहलंग, अगिहार, ककराला व रामबास गांवों के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में भी स्थाई प्राचार्यों की तत्काल नियुक्ति करने की मांग उठाई है। उन्होंने ज्ञापन की प्रति जिला शिक्षा अधिकारी को भी भेजी है। उन्होंने ज्ञापन में कहा है कि उन्हें उक्त गांवों के ग्रामीणों से शिकायत मिली है कि उनके गांवों के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में काफी लंबे समय से स्थाई प्राचार्य नहीं है। जिसके कारण छात्रों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है। स्थाई प्राचार्य न होने के कारण स्कूलों में अनुशासन, विकास योजनाओं, आधारभूत संरचना व प्रबन्ध सुधार जैसे कार्य प्रभावित हो रहे हैं। बच्चों की शैक्षणिक स्थिति पर सीधा असर पड़ रहा है। ग्रामीणों की ओर से जिला प्रशासन व राज्य सरकार से स्कूलों में स्थाई प्राचार्य नियुक्त करने की मांग की जा रही है, सरकार की ओर से प्राचार्य नियुक्त करने में ढिलाई बरती जा रही।

# गुरु द्रोणाचार्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का स्थापना दिवस मनाया, दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

गुरु द्रोणाचार्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणी किरारोद स्कूल का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक घड़सीराम की पत्नी प्रेमलता, अध्यक्ष अजय कुमार, वाइस चेयरमैन कुलदीप सैनी, मैनेजिंग डायरेक्टर पूजन सैनी ने मिलकर केक काटा। अध्यक्ष अजय कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि पिता घडसीराम ने 11 दिसंबर 2003 को इस विद्यालय की नींव रखी थी। प्रथम शैक्षणिक सत्र 11 अप्रैल 2004 से प्रारंभ हुआ था। प्राचार्य नेतराम सैनी ने कहा कि यह विद्यालय शिक्षा के अतिरिक्त खेलों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, विज्ञान क्विज, विज्ञान प्रदर्शनी आदि प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लेता है। प्रवक्ता प्रवीण सैनी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय स्तर पर कक्षा से नौवीं से 12वीं तक वॉलीबॉल प्रतियोगिता करवाई गई। फाइनल मुकाबले में कक्षा दसवीं ने 12वीं को हराया।। मौके पर कमल सिंह, धर्मपाल, अंकित सैनी, हेमंत कुमार, प्रीतम, कृष्ण कुमार, मनोज कुमार, मुकेश कुमार, दरियाव सिंह, सुनीता यादव, ममता यादव, मोना, मंजू, कल्पना, रजनी, सोनिका, रुकमा, नीतू शर्मा, उर्वी, रामअवतार सैनी, बृजलाल आदि उपस्थित थे।


नारनौल। स्कूल के स्थापना दिवस पर केक काटते हुए। फोटो : हरिभूमि

---

### यदुवंशी स्कूल के चेयरमैन ने किया सम्मानित


महेंद्रगढ़। वरिष्ठ नागरिक को संबोधित करते राव बहादुर सिंह।

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी स्कूल के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने गांव–गांव पहुंचकर वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को शॉल, सम्मान-पत्र और पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका आशीर्वाद लिया। यह कार्यक्रम उन्होंने यदुवंशी सोहली की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुरू किया है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनके अनुभव, मार्गदर्शन तथा संस्कारों से ही समाज मजबूत बनता है। उन्होंने गांव के लोगों से संवाद भी किया और नागरिकों के स्वास्थ्य एवं कल्याण से जुड़ी आवष्यकताओं की जानकारी ली। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें कैप्टन गजराज, करतार सिंह सातौर, पप्पू प्रेमी, टीलू सरपंच का इस सम्मान समारोह कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा।

### एसपी ने कॉलेज में छात्राओं से किया संवाद

**महेंद्रगढ़।** एसपी पूजा वशिष्ठ ने गर्ल्स कॉलेज का दौरा कर छात्राओं के साथ सीधा और आत्मीय संवाद स्थापित किया, जिससे कॉलेज परिसर में उत्साह का माहौल बन गया। एसपी ने औपचारिकता से परे हटकर छात्राओं के बीच जाकर उनके भविष्य की योजनाओं व सपनों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक एसपी से करियर निर्माण और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित कई प्रश्न पूछे। एसपी ने इन प्रश्नों का अत्यंत सरलता और सहजता से जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। एसपी ने छात्राओं से कॉलेज आने-जाने के दौरान रास्तों में पेश आने वाली व्यावहारिक दिक्कतों के बारे में भी विस्तार से पूछा।

## सीजेएम नीलम कुमारी ने ली अधिकारियों की बैठक, दिए निर्देश

# बाल विवाह मुक्त भारत: 100 दिन चलेगा विशेष अभियान

**लड़कियों की शादी 18 वर्ष से पहले तथा लड़कों की शादी 21 वर्ष से पहले नहीं करनी चाहिए : सीजेएम नीलम कुमारी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने वीरवार को अपने कार्यालय में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के संबंध में डीएसपी सुरेश कुमार, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेश गोयल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार व जिला बाल विवाह निषेध अधिकारी सरिता के साथ बैठक कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए।


नारनौल। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के संबंध में बैठक लेती सीजेएम।

#### कानूनी प्रावधान

सीजीएम नीलम कुमारी ने बताया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है। प्रोहिबिशन ऑफ चाइल्ड मैरिज एक्ट 2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह कानूनन प्रतिबंधित है और इसके लिए कठोर दंड का प्रावधान है।

सीजेएम नीलम कुमारी ने कहा कि जिले के सभी गांवों में बाल विवाह मुक्त भारत के संबंध में 100 दिनों का विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे अपने बेटों और बेटियों दोनों को बाल विवाह के खतरे तथा कानूनी परिणामों के बारे में अवश्य जागरूक करें। उन्होंने विशेष रूप से जोर दिया कि लड़कियों की शादी 18 वर्ष से पहले तथा लड़कों की शादी 21 वर्ष से पहले नहीं करनी चाहिए।

सीजेएम ने कहा कि किसी भी संदेहास्पद या संभावित बाल विवाह की सूचना तुरंत 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पर दी जा सकती है, ताकि समय पर कार्रवाई हो सके।इस मौके पर प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी निशा व गौरव मौजूद थे।